सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 305 इंदौर, शनिवार 23 मई, 2026 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# प्रदेश में समान नागरिक संहिता पर कवायद तेज

## जिलों में जाकर जन परामर्श लेगी समिति, ऑनलाइन भी दे सकेंगे राय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर सरकार ने जन परामर्श की प्रक्रिया तेज कर दी है। समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति अब प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर नागरिकों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न वर्गों से सुझाव प्राप्त करेगी। इसके लिए राज्य सरकार ने एक विशेष वेबसाइट भी शुरू की है, जिसके माध्यम से आम नागरिक आगामी 15 जून 2026 तक अपने सुझाव ऑनलाइन दे सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में समान नागरिक संहिता मध्य प्रदेश की वेबसाइट का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूसीसी के संबंध में जनता के सुझाव एकत्र करने की यह पहल बेहद महत्वपूर्ण और सराहनीय है। उन्होंने कहा कि वेबसाइट के माध्यम से आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होगी और जिलों में समिति के भ्रमण से सुझाव लेने की प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तरह की वेबसाइट तैयार करने वाला मध्य प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल



हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश में समान नागरिक संहिता को लेकर गंभीरता से कार्य शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से ही इस प्रकार की व्यवस्था की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नागरिकों के हितों की सुरक्षा और पारिवारिक कानूनों के समग्र अध्ययन के लिए यह कदम आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस विषय पर आम जनता, राजनीतिक दलों, गैर-सरकारी संगठनों और विभिन्न सामाजिक समूहों के सुझावों का सम्मानपूर्वक अध्ययन किया जाएगा।

### एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान, एक विधि की भावना वाला राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश एक राष्ट्र, एक विधान, एक निशान की भावना के साथ एक विधि की दिशा में भी अपने दायित्वों का निर्वहन करेगा। उन्होंने समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति को जनहित में किए जा रहे इस कार्य के लिए बधाई दी। राज्य सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति विवाह, तलाक, भरण-पोषण, उत्तराधिकार और अन्य पारिवारिक कानूनों से जुड़े सामाजिक, कानूनी और प्रशासनिक पहलुओं का अध्ययन कर अपनी अनुशंसाएं सरकार को सौंपेगी। इसी उद्देश्य से व्यापक जन परामर्श की प्रक्रिया शुरू की गई है।

### वेबसाइट पर 15 जून तक दे सकेंगे सुझाव

सरकार की ओर से शुरू की गई वेबसाइट के माध्यम से नागरिक अपने सुझाव ऑनलाइन दर्ज करा सकेंगे। सुझाव देने की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गई है। कार्यक्रम में समिति की अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। समिति के सचिव अजय कटेसरिया ने समिति की कार्यप्रणाली और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

10 दिन में तीसरी बार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आग

# पेट्रोल 87 पैसे और डीजल 91 पैसे महंगा हुआ



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश में आम जनता पर महंगाई की एक और मार पड़ी है। दिल्ली के ईंधन डीलरों से मिली जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी सहित देश भर में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इस ताजा संशोधन के तहत पेट्रोल की कीमत में 0.87 पैसे प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 0.91 पैसे प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। इस महीने यह तीसरी बार है जब ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इस सप्ताह की शुरुआत में, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 90 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी, इससे कुछ दिन पहले ही 3 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की गई थी।

# ईरान पर कभी भी हमला कर सकता है यूएस?

● व्हाइट हाउस में हलचल, ट्रंप के सभी ट्रिप कैंसिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी) अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ईरान पर नए सैन्य हमलों की तैयारी में जुटा है. हालांकि बातचीत का रास्ता अभी पूरी तरह बंद नहीं हुआ है, लेकिन व्हाइट हाउस और पेंटागन में तेज हलचल ने बड़े सैन्य एक्शन की आशंका बढ़ा दी है.**

CBS और Axios की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार को ट्रंप ने अपने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और शीर्ष सैन्य अधिकारियों के साथ व्हाइट हाउस में अहम बैठक की. बैठक में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, CIA डायरेक्टर जॉन रैटक्लिफ और चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स समेत कई बड़े अधिकारी मौजूद थे.

रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, अमेरिकी सेना के कुछ जवानों की मेमोरियल डे छुट्टियां तक रद्द कर दी गई हैं. विदेशों में तैनात अमेरिकी सैन्य ठिकानों के लिए 'रिकॉल रोस्टर' अपडेट किए जा रहे हैं ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके.

# 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए कई मकानों, दुकानों के हिस्से हटाए

## छावनी में हटे बाधक निर्माण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **छावनी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और मास्टर प्लान को गति देने के लिए नगर निगम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। सड़क चौड़ीकरण के मार्ग में आ रहे बाधक निर्माणों को हटाने के लिए शुक्रवार सुबह निगम का रिमूवल अमला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा।**

इस दौरान जेसीबी और पोकलेन मशीनों की सहायता से सड़क किनारे बने अवैध ढांचों और मकानों के हिस्सों को ढहाने का काम शुरू किया गया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस प्रशासन की टीम भी तैनात रही। शुक्रवार सुबह होते ही नगर निगम का अमला पूरी तैयारी के साथ छावनी क्षेत्र में मुस्तैद हो गया था। इसके तुरंत



बाद ही सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे निर्माणों को जमींदोज करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई। मशीनों के जरिए कई मकानों और अन्य पक्के निर्माणों को ढहाया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार यह पूरी कार्रवाई दोपहर बाद तक निरंतर जारी रह सकती है। नगर निगम प्रशासन ने इस पूरी मुहिम को शुरू करने से पहले ही प्रभावित क्षेत्र के निवासियों को नियमानुसार नोटिस जारी कर इसकी अग्रिम सूचना दे दी थी। इसके बाद ही शुक्रवार को योजनाबद्ध तरीके से इस कार्रवाई को अमलीजामा पहनाया गया। सूत्रों के अनुसार पूर्व में इस मुख्य मार्ग को 80 फीट तक चौड़ा किया जाना प्रस्तावित था, परंतु स्थानीय नागरिकों के कड़े विरोध और मांग को देखते हुए फिलहाल इसे 60 फीट तक ही चौड़ा करने का फैसला लिया गया है।

### जिला प्रशासन का नशा मुक्ति अभियान जारी

# स्कूल-कॉलेजों, बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार जिले में "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आम नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर समाज में नशामुक्त वातावरण तैयार करना है।**

सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने बताया कि कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिलेभर में लगातार जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, सामाजिक संस्थाओं एवं समूहों में "नशा मुक्ति हेतु मास्टर ट्रेनर / कोर कमिटी" के गठन की प्रक्रिया भी प्रारंभ की जा रही है, जिससे अभियान को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाया जा सके।



इसी क्रम में महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट एवं सत्य मेव जयते इंस्टीट्यूट में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में आबकारी उप निरीक्षक आशीष जैन एवं सुश्री त्रियंबिका शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के भविष्य, शिक्षा एवं पारिवारिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। कार्यक्रम में युवाओं को सकारात्मक जीवनशैली अपनाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी अभियान के अंतर्गत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। ग्राम दतोदा स्थित ग्राम पंचायत परिसर में आबकारी उप निरीक्षक सुश्री कृतिका द्विवेदी द्वारा ग्रामीणजनों को नशे के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया गया। वहीं ग्राम मेमदी, सिमरोल स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में आबकारी उप निरीक्षक सुश्री मीना माल द्वारा महिलाओं एवं ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंकुरण नशा मुक्ति केंद्र में आबकारी उप निरीक्षक सुनील मालवीय एवं बी.डी. अहिरवार द्वारा कार्यशाला आयोजित कर नशे से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं एवं सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसी क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी धर्मेंद्र जोशी एवं आबकारी उप निरीक्षक सुश्री मीरा सिंह द्वारा अर्जुनपुरा बस्ती में जनजागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों से नशे से दूर रहने एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

तेजपुर गड़बड़ी बस्ती, केसरबाग क्षेत्र में भी विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया गया। अभियान में एडीईओ राघवेन्द्र सिंह कुशवाह, एडीईओ जहांगीर खान एवं उप निरीक्षक सुश्री प्रियंका रानी चौरसिया द्वारा स्थानीय नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए समाज में जागरूकता फैलाने एवं नशामुक्त वातावरण निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाने की शपथ दिलाई गई।

अभियान के अंतर्गत आयोजित सभी कार्यक्रमों में उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों एवं महिलाओं को स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई गई।

## फर्जी एग्रीमेंट कर 21 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

### जेल से छूटे आरोपी की फिर हुई शिकायत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में प्लॉट बेचने के नाम पर लाखों रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पवनपुरी कॉलोनी निवासी राकेश सिलावट ने शिकायत में आरोप लगाया है कि आदर्श मेघदूत नगर निवासी कपिल गोयल ने एक प्लॉट को अपना बताकर उसका सौदा किया और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 21 लाख रुपये ले लिए।

आवेदन के अनुसार आरोपी ने देवास नाका क्षेत्र स्थित एक संपत्ति का सौदा 71 लाख रुपये में तय किया था। फरियादी का आरोप है कि सौदे के तहत 21 लाख रुपये नगद आरोपी को दिए गए थे और शेष राशि बाद में देना तय हुआ था। शिकायत में कहा गया है कि बाद में पता चला कि उक्त संपत्ति की वास्तविक मालिक मंगूबाई हैं और उन्होंने कपिल गोयल के नाम कोई अनुबंध नहीं किया था। आरोप है कि इसके बावजूद फर्जी अनुबंध तैयार कर फरियादी से रकम ली गई। पीड़ित ने मामले में पुलिस से एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कमल किशोर गोयल और धीरज गोयल के नाम भी उल्लेखित किए गए हैं।

## ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में 9 से 13 जून 2026 तक होटल शेरेटन ग्रैंड पैलेस में आयोजित होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं प्रारंभ कर दी हैं। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने सम्मेलन के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए हैं।

जारी आदेशानुसार विमानतल पर अतिथियों के स्वागत, होटल आवास व्यवस्था, परिवहन, हेल्प डेस्क संचालन, लायजनिंग, सुरक्षा समन्वय एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को नोडल एवं सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। सम्मेलन के दौरान देश-विदेश से आने वाले प्रतिनिधियों एवं अतिथियों की सुविधा तथा प्रोटोकॉल व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में तीन विषयों में पीजी पाठ्यक्रम होगा शुरू

### विद्यार्थियों के लिए नवीन छात्रावास भवन जी+3 का होगा निर्माण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में शुक्रवार को संभागायुक्त कार्यालय में शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय लोकमान्य नगर इंदौर की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय परिसर में नये भवन के निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं को शीघ्र दूर किया जाए। नये सत्र से तीन विषयों (क्रिया शरीर, रचना शरीर और शालाक्य तंत्र) में शुरू होने जा रहे पीजी पाठ्यक्रम की तैयारियां सुनिश्चित की जाए।



साथ ही विद्यार्थियों के लिए प्रस्तावित नवीन छात्रावास भवन जी+3 के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू किया जाए। महाविद्यालय एवं छात्रावास में भोजन व्यवस्था हेतु नवीन पीएनजी पाईपलाइन कनेक्शन का कार्य समयसीमा में पूर्ण किया जाए। महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की एनसीआईएमएस से मान्यता हेतु आवश्यक चिकित्सा उपकरण एवं औषधि के निर्माण हेतु कच्ची औषधियां एवं उपकरण क्रय किए जाएं। स्नातक विद्यार्थियों के लिए तीन माह के स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम को शुरू किया जाए।

बैठक में अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य, अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजीतपाल सिंह चौहान, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री अजय यादव, जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया, समिति सदस्य डॉ. धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. एस के दास एवं डॉ. जगदीश पंचोली सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में बताया गया कि शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में स्थित ओपीडी में प्रतिदिन करीब 400 मरीज उपचार के लिए आते हैं। यहां गर्भवती महिलाओं की प्रसूति की भी व्यवस्था है। विशेषकर ओजोन थैरेपी, पंचकर्म चिकित्सा की विशेष सुविधाएं है। यहां पर आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से कैंसर मरीजों का भी उपचार किया जाता है। महाविद्यालय में प्रतिवर्ष स्नातक पाठ्यक्रम में करीब 75 विद्यार्थी प्रवेश लेते है, वर्तमान में यहां करीब 400 विद्यार्थी अध्ययनरत है।

तीन दिवसीय कार्टूनशाला का शुभारंभ

# सशक्त संप्रेषण का माध्यम है कार्टून विधा-महापौर

## लहरी अंकल से बच्चों ने सीखे कार्टून और चित्रकारी के गुर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कार्टून विधा सशक्त सम्प्रेषण का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। जिसके जरिए हम अपनी बात एक व्याग्यात्मक रूप से रख देते हैं और उसका त्वरित असर भी देखने को मिलता है। यह बात महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कही। वे इंदौर इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित कार्टूनशाला के शुभारंभ मौके पर बोल रहे थे।**



उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि मोबाइल से दूर होकर आप जिस विधा को सीख रहे हैं, यह अपने आप में एक अच्छी बात है। किसी भी कला को सीखना हमारे जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि आप कार्टून को अपना प्रोफेशन बनाए या न बनाएं, लेकिन देश के ख्यात कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी जी से इस विधा को सीखने का रोमांच आपको जीवंत पर्यन्त महसूस होगा। श्री भार्गव ने कहा कि लगातार 15 वर्ष से हो रहे इस आयोजन के लिए इंदौर प्रेस क्लब को साधुवाद दिया जाना चाहिए।

ख्यात कार्टूनिस्ट श्री इस्माइल लहरी ने कार्टूनशाला के पहले दिन करीब 70 बच्चों को कार्टून बनाने की बारीकियां समझाते हुए लाईन, गोलों के माध्यम से कार्टून तथा रेखा चित्रों से चेहरे बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। श्री लहरी ने बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का बड़ी ही शालीनता के साथ जवाब देते हुए उनकी जिज्ञासा को भी शांत किया। प्रेस क्लब महासचिव प्रदीप जोशी ने कहा कि कोई भी कला आपको एक अच्छी पहचान दिला सकती है। इसीलिए किसी भी कला को सीखने में अच्छी मेहनत करें। आपको सफलता अवश्य मिलेगी। कार्टूनशाला में कार्टूनिस्ट और प्रशिक्षक इस्माइल लहरी और मुख्य अतिथि महापौर पुष्यमित्र भार्गव का स्वागत प्रेस क्लब उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारिणी सदस्य अभय तिवारी, श्याम कामले, पूनम शर्मा, अभिषेक रघुवंशी, लक्ष्मीकांत पंडित, नितिन जैन ने किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक और मीडिया के साथी उपस्थित थे। आभार मुकेश तिवारी ने माना।

# परीक्षा केंद्रों पर फ्रिस्किंग, फेस आर्थेटिकेशन सहित कक्ष में प्रवेश व्यवस्थाओं का जायजा लिया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संघ लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 24 मई को इंदौर शहर में बने 27 केंद्रों पर आयोजित होगी। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े परीक्षा केंद्रों पर आयोग द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं की जानकारी और केंद्रों पर सुविधाओं का निरीक्षण करने एसजीएसआईटीएस कॉलेज पहुँचे। यहाँ उन्होंने आयोग द्वारा निर्धारित किये नियमों के अनुसार फ्रिस्किंग,फेस ऑथेंटिकेशन, क्यूआर कोड/या हस्ताक्षर करने वाले अधिकारियों की नियुक्ति सहित कक्ष में प्रकाश व्यवस्था के साथ ही प्रवेश और निर्गम की व्यवस्थाएं देखी। परीक्षा केंद्र पर संस्था के प्रो. विनोद पारे ने व्यवस्थाओं और सुविधाओ के सम्बंध में जानकारी दी। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने केंद्र पर बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के साथ ही सीटिंग चेयर का भी अवलोकन किया। उन्होंने यहां बनाये कंट्रोल रूम का भी अवलोकन कर तैनात अधिकारियों के संबंध में जानकारी ली। एसजीएसआईटीएस कॉलेज में अलग-अलग फ्लोर पर 2-2 कक्षों में कुल 10 कक्षों में परीक्षा आयोजित होगी। रविवार को यहां 576 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस दौरान परीक्षा प्रभारी श्रीमती शैली कनाश, परीक्षा के नोडल अधिकारी श्री गुप्ता मौजूद रहे।

# समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श बैठक आज

### उच्च स्तरीय समिति करेगी विभिन्न पक्षों से संवाद एवं सुझाव आमंत्रित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की जनपरामर्श बैठक आगामी 23 मई को पूर्वाह्न 11 बजे जाल सभागृह इंदौर में आयोजित की जाएगी। बैठक का उद्देश्य समान नागरिक संहिता से जुड़े विभिन्न सामाजिक, विधिक एवं प्रशासनिक पहलुओं पर जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों तथा विभिन्न वर्गों के सुझाव प्राप्त करना है। बैठक में समिति के सदस्य शत्रुघन सिंह (सेवानिवृत्त भा.प्र.से.), अनूप नायर (कानूनविद), गोपाल शर्मा (शिक्षाविद) और बुधपाल सिंह (सामाजिक कार्यकर्ता) मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा गठित यह समिति प्रदेश में समान नागरिक संहिता के विभिन्न आयामों का अध्ययन कर सुझाव प्रस्तुत करेगी। जनपरामर्श बैठकों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत संगठन-संस्थाओं आदि के प्रतिनिधियों, पत्रकारों और अन्य गणमान्य नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

# पूर्व मंत्री का बिंदास अंदाज चर्चा में टी-शर्ट और कैपरी में दिखाई दिए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** विधायक और पूर्व मंत्री महेंद्र हार्डिया एक बार फिर अपने अलग अंदाज को लेकर चर्चा में आ गए हैं। शहर की सड़कों पर उनका एक ऐसा बिंदास लुक देखने को मिला, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। पूर्व मंत्री महेंद्र हार्डिया रॉयल एनफील्ड बुलेट चलाते नजर आए। खास बात यह रही कि इस दौरान उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखा था। इतना ही नहीं, वे अपने पारंपरिक खादी परिधान की जगह टी-शर्ट और कैपरी में दिखाई दिए। विधायक का यह कूल अंदाज अब शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि इस पूरे मामले ने ट्रैफिक नियमों और वीआईपी कल्चर को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में ट्रैफिक पुलिस आम लोगों पर बिना हेलमेट वाहन चलाने को लेकर लगातार चालानी कार्रवाई कर रही है, लेकिन जनप्रतिनिधियों द्वारा खुलेआम नियमों की अनदेखी किए जाने पर लोग सवाल उठा रहे हैं। लोगों का कहना है कि जब कानून बनाने वाले ही नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो आम जनता को क्या संदेश जाएगा। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या ट्रैफिक पुलिस आम नागरिकों की तरह पूर्व मंत्री पर भी कार्रवाई करेगी या मामला रसूख के चलते ठंडे बस्ते में चला जाएगा।

# युवती से मिलने पहुंचे युवक ने इनकार पर घर में की तोड़फोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर इलाके में एक युवती के दोस्त द्वारा घर में तोड़फोड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। युवती के ट्रेवल्स व्यवसायी पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। घटना के सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपे गए हैं। फिलहाल आरोपी की तलाश की जा रही है।**

टीआई सुशील पटेल के मुताबिक अभिनंदन नगर स्थित ए-स्कीम गार्डन निवासी शिबु जार्ज की शिकायत पर गुरुवार को पुलिस ने कल्पना नगर निवासी आदर्श पुत्र ललित सोनी के खिलाफ घर में तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार आदर्श पेशे से गाड़ी सीजिंग का काम करता है और वह शिबु जार्ज की बेटी का दोस्त है। वह युवती से मिलने उसके घर पहुंचा था, लेकिन युवती ने उससे मिलने से इनकार कर दिया। इससे नाराज होकर आरोपी ने घर की खिड़कियों के कांच तोड़ दिए और धमकी देकर वहां से चला गया। पुलिस ने आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर ली है और उसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम रवाना की गई है।

# टैंकर ड्राइवर को पानी बेचते पकड़ा एजेंसी पर लगा 25 हजार का जुर्माना

**इंदौर।** नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने खुद नगर निगम के टैंकर के ड्राइवर को पानी बेचते हुए पकड़ा। आयुक्त गुरुवार शाम रानी सती गेट के पास से गुजर रहे थे तो उन्हें ट्रैक्टर टैंकर नंबर मप्र 09 एबी 0932 दिखाई दिया। टैंकर पर नगर निगम के स्टीकर नहीं लगे थे। आयुक्त ने इस पर नागरिकों से बात की तो उन्होंने बताया कि टैंकर ड्राइवर द्वारा पानी देने के बदले में पैसे लिए जा रहे हैं तथा टैंकर पर कुछ नहीं लिखा होने व इन स्टीकर पर पानी बेचने की शिकायत करने की सूचना वाला स्टीकर नहीं होने से टैंकर को निजी बताकर पानी बेचा जा रहा है। आयुक्त ने टैंकर जब्त कर वर्कशाप भेज दिया। टैंकर प्रदाय करने वाली एजेंसी आशा इंटरप्राइजेस पर 25000 की पेनाल्टी भी लगाने का आदेश दिया। इससे पहले लसूड़िया मोरी में दौरे के दौरान आयुक्त को दो टैक्टर टैंकर दिखाई दिए जिसमें टैंकरों पर नंबर नहीं लिखे थे तथा टैंकर पर स्टीकर भी नहीं लगे हुए थे। इस पर आयुक्त द्वारा दोनों टैंकर के ड्राइवर को फटकार लगाई और उक्त दोनों ट्रैक्टर टैंकर एजेंसी साईं कृपा इंटरप्राइजेस के होने पर एजेंसी पर 10000-10000 की पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए गए।

# मध्यप्रदेश वैश्विक वन्य जीव संरक्षण का बना रोल मॉडल : डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जैव-विविधता में हमारा प्रदेश, देश में एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में विकसित किया जा रहा है। हमारे पास 'टाइगर स्टेट', 'लेपर्ड स्टेट', 'चीता स्टेट', 'वल्चर स्टेट', 'घड़ियाल स्टेट', 'वुल्फ स्टेट' का टाइटल है। सालों पहले देश की धरती से चीते लुप्त हो चुके थे। हम देश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पहचाने जाने वाले चीतों को प्रदेश की धरती में वापस ले आये हैं।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को चीता स्टेट बनने का गौरव देने के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि चीतों ने पालपुर कूनो और गांधी सागर अभयारण्य को अपना घर मान लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अब कुल 53 चीते हैं। मध्यप्रदेश वैश्विक वन्यजीव संरक्षण का सबसे बड़ा और वैज्ञानिक रोल मॉडल बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस के अवसर पर भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं चीता संरक्षण वर्कशाप को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश 'मोगली लैंड' और 'सफेद शेरों की धरती' के नाम से भी जाना जाता है। लगभग 100 साल के बाद मध्यप्रदेश की धरती पर जंगली भैंसे का पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना की गई है। दुर्लभ प्रजाति के 33 कछुए और 53 घड़ियाल कूनो नदी में छोड़े गए हैं। हलाली डेम क्षेत्र में 5 लुप्तप्राय गिद्धों को उनके नैसर्गिक वातावरण में मुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में 5 हजार से अधिक वनस्पतियां, करीब 500 पक्षियों की प्रजातियां और 180 से अधिक मछलियों की प्रजातियां मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो मध्यप्रदेश के जंगलों में 100 से ज्यादा हाथी भी विचरण कर रहे हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, मंत्रालय के केन्द्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

### जैव-विविधता है भारतीय सभ्यता की आत्मा : केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री यादव

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत की प्राचीन नदी सभ्यताओं में नर्मदा का विशेष स्थान है। प्रदेश में अमरकंटक और पातालकोट धरती पर ईश्वर का दिया सबसे बड़ा उपहार है। जैव-विविधता हमारी भारतीय सभ्यता की मूल आत्मा है, इन्हें बनाए रखना ही हमारा संकल्प है, हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि जिसे हम बना नहीं सकते, कम से कम उसे बिगाड़े तो नहीं। धरती पर उपलब्ध जैव-विविधता से हमें भोजन, दवाई और जीवन मिलता है। दुनिया में हम धरती का 2.4 प्रतिशत भू-भाग रखते हैं। भारत में 36 हजार समृद्ध वनस्पतियां हैं, लेकिन यह वैश्विक स्तर पर केवल 8 प्रतिशत के आसपास है। 'प्रोजेक्ट चीता' में हमने एक वन्यजीव प्रजाति का संरक्षण किया है। चीता घास के मैदानों में रहने वाला जीव है। उन्होंने बताया कि भारत के 58 टाइगर रिजर्व्स से करीब 600 जल की धाराएं निकलती हैं और नदियों का रूप लेती हैं। इस प्रकार से टाइगर रिजर्व्स हमारी नदियों का भी संरक्षण करते हैं। हमारी सरकार सभी वन्यजीवों के संरक्षण पर ध्यान दे रही है, क्योंकि जटिल पारिस्थितिकी तंत्र में जीव और प्रकृति का बेहद अनमोल संबंध है। उन्होंने बताया कि जैव-विविधता हमारी अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करती है। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस पर दुनिया के देश जलवायु परिवर्तन पर चर्चा कर रही है।

जैव-विविधता के संरक्षण से भावी पीढ़ियों के पर्यावरण को बचाया जा सकता है। हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 10 तालाबों के बराबर एक पुत्र है। 10 पुत्र के बराबर एक वृक्ष है। हमारा देश जैव-विविधता के संरक्षण में दुनिया का नेतृत्व करता है। कार्यक्रम में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, केन्द्रीय सचिव, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय तन्मय कुमार, डीजी फॉरेस्ट, केन्द्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय सुशील अवस्थी, भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के डायरेक्टर के. रविचंद्रन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) श्रीमती समिता राजौरा, सुप्रसिद्ध वन्यजीव विशेषज्ञ, वैज्ञानिकगण, भारतीय वन सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, पोस्ट मास्टर जनरल म.प्र. परिक्षेत्र, वन एवं प्रकृति प्रेमी और बड़ी संख्या में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान के विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में केन्द्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण के चैयरमेन वीरेन्द्र आर. तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश में मनाया जायेगा गंगा दशहरे का पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गंगा दशहरा के अवसर पर 25 और 26 मई को उज्जैन में क्षिप्रा तट पर आयोजित परिक्रमा, चुनरी अर्पण, पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर श्रद्धा, संस्कृति और जल संरक्षण के संदेश से जुड़े विविध आयोजन किए जायेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर 25 मई को प्रदेशभर में वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रभात फेरियां, नदी एवं जलाशय परिक्रमा, साइकिल रैली, चुनरी अर्पण-पूजन तथा जल और नदियों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जायेंगी। भारत भवन, भोपाल में 'सदानीरा' का आयोजन 27 मई से 2 जून 2026 तक किया जायेगा। कार्यक्रम में जल, प्रकृति और संस्कृति से जुड़े विविध आयामों को प्रस्तुत किया जायेगा। युवाओं एवं आमजन को जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संगोष्ठी, सेमीनार और व्याख्यान भी आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम जिला मुख्यालयों के साथ प्रमुख नदियों, जलाशयों और जल स्रोतों के किनारे भी आयोजित होंगे।

## नाबालिग से दो बार दुष्कर्म, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** यहां के बसई थाना में 17 साल की लड़की से युवक ने दो बार दुष्कर्म किया। नाबालिग की शिकायत पर गुरुवार देर रात पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी युवक ने पहले सुनसान रास्ते में युवती को पकड़कर दुष्कर्म किया और फोटो वीडियो बना लिए। बाद में फोटो वायरल करने की धमकी देकर दोबारा वारदात को अंजाम दिया। युवक ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने बताया कि, करीब दो माह पहले वह दोपहर के समय खेत पर जा रही थी। इसी दौरान वीरू अहिरवार पीछे से आया और उसका मुंह दबाकर पास की झाड़ियों में ले गया। वहां आरोपी ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने थप्पड़ मारते हुए उसे और उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी।

## प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना 24 मई तक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश व्यापी गिद्ध गणना 2026-27 के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन गणना दिनांक 22 मई से 24 मई 2026 तक सूर्योदय से प्रातः 9:00 बजे तक प्रदेश के सभी 16 वृत्त, 09 टाईगर रिजर्व, वन विकास निगम के क्षेत्रों एवं अन्य संरक्षित क्षेत्रों में गिद्ध गणना का कार्य वन विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त स्वयं सेवकों के सहयोग से ऑनलाईन एप के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे आंकड़ों के संकलन में आसानी रहेगी। मध्य प्रदेश में प्रदेशव्यापी गिद्ध गणना की शुरूआत वर्ष 2016 से की गई थी जिसमें 7,028 गिद्धों का आंकलन किया गया था। विगत वर्ष 2025 में शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना की गई थी। ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना 22 मई से की जा रही है। गणना का कार्य विभिन्न वनमंडलों एवं टाईगर रिजर्व / राष्ट्रीय उद्यानों में 8748 स्थानों पर कार्य किया गया। गिद्ध गणना में 8810 गिद्ध पाये गये, जिसमें 7768 वयस्क एवं 1042 किशोर गिद्ध पाये गये।

## विश्व कछुआ दिवस पर संरक्षण का संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** विश्व कछुआ दिवस 23 मई को कछुओं और उनकी विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण, प्राकृतिक आवास की सुरक्षा तथा जैव विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व कछुआ दिवस की थीम "Dancing Turtles Rock!" रखी गई है, जिसका उद्देश्य रचनात्मक और रोचक माध्यमों से लोगों को कछुओं के संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है। कछुए पृथ्वी के सबसे प्राचीन जीवों में शामिल हैं और जल एवं वन पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नदियों, तालाबों और आर्द्र क्षेत्रों की स्वच्छता बनाए रखने में भी इनकी अहम भूमिका मानी जाती है।

**रेमो डिसूजा, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन महाकाल की शरण में**

## महाकाल मंदिर में तीनों ने की शयन आरती

**नंदी पूजन कर बाबा महाकाल का लिया आशीर्वाद**



**उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर और फिल्म निर्माता रेमो डिसूजा, फिल्म अभिनेत्री अंकिता लोखंडे और अभिनेता विक्की जैन दर्शन करने पहुंचे। तीनों ने शुक्रवार को शयन आरती में शामिल होकर भगवान श्री महाकालेश्वर का आशीर्वाद लिया।**

रेमो डिसूजा अपनी पत्नी के साथ, जबकि अंकिता लोखंडे और विक्की जैन शुक्रवार रात को 10 बजे हुई शयन आरती में शामिल होने मंदिर पहुंचे। सभी ने नंदी हॉल में बैठकर बाबा महाकाल की भस्म आरती देखी। इस दौरान तीनों भक्ति में लीन नजर आए। करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहने के बाद उन्होंने नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही। इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के माध्यम से आशीर्वाद प्राप्त किया।

यह पहला मौका नहीं है जब रेमो डिसूजा और अंकिता लोखंडे बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे हों। अंकिता लोखंडे कुछ दिन पहले भी अपने पति के साथ महाकाल मंदिर आई थीं, जबकि रेमो डिसूजा भी कई बार बाबा महाकाल के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं।

## शादी के 13वें दिन बहू को कुल्हाड़ी से काट डाला



**सिवनी, एजेंसी। जिले के खजरी गांव से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे एक शख्स ने अपने छोटे भाई की पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया।**

आरोपी ने उसकी गर्दन, पेट, हाथ और कमर पर इतने वार किए कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद से आरोपी जेठ फरार है। घंसौर पुलिस के मुताबिक, मृतका की पहचान 23 वर्षीय सरिता मरकाम के रूप में हुई है। उसका विवाह महज 13 दिन पहले 10 मई को खजरी गांव के बबलू मरकाम से हुआ था। अभी उसकी मेहंदी का रंग छूटा भी नहीं था। घर में शादी की खुशियों का माहौल था, लेकिन शुक्रवार सुबह घर के भीतर ही इस खूनी खेल ने पूरे परिवार को तबाह कर दिया।

पति बबलू मरकाम ने पुलिस को बताया- मेरे बड़े भाई ने घर का दरवाजा बंद कर मेरी पत्नी के साथ रेप करने की कोशिश की। पत्नी विरोध किया तो वह गुस्से में अंधा हो गया। उसने कुल्हाड़ी उठाई और ताबड़तोड़ वार करना शुरू कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी का नाम अब्बू लाल मरकाम (35 वर्ष) है। वह सनकी और आपराधिक प्रवृत्ति का है। एक मामले में जेल भी जा चुका है। मृतका की भानजी पिंकी इस वारदात की चश्मदीद गवाह है। उसने बताया- बड़े मामा छोटी मामी के साथ जबरदस्ती कर रहे थे। अचानक उन्होंने कुल्हाड़ी उठाई और मामी के गले और हाथ पर वार करना शुरू कर दिया। मामी को खून से लथपथ देख में उन्हें बचाने के लिए घर के भीतर से हंसिया लेकर बाहर दौड़ी और चिल्लाकर सबको बुलाया। मेरी आवाज सुनकर बड़े नाना दौड़कर आए और उन्होंने मामी को छुड़ाया। फिर छोटे मामा (बबलू) को बुलाया, लेकिन तब तक मामी पर हमला कर बड़े मामा मौके से भाग चुके थे।

# संपादकीय

## पाल के विदेश मंत्री का दौरा टलने के गहरे मायने

नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल की भारत यात्रा फिलहाल के लिए टल गई है। माना जा रहा था कि शिशिर खनाल की यात्रा से दोनों देशों के बीच के संबंध में जो थोड़ा बहुत तनाव आया है उसे नरम करने में मदद मिलेगी। इससे पहले इसी महीने भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी काठमांडू जाने वाले थे लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रधानमंत्री बालेन शाह से मुलाकात का समय नहीं मिलने के बाद उनका दौरा टल गया था। काठमांडू पोस्ट ने बताया है कि खनाल को 1 जून को नई दिल्ली में होने वाले पहले इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (IBCA) समिट में शामिल होना था। लेकिन भारत सरकार ने अचानक इस सम्मेलन को स्थगित कर दिया। यह समिट चौथे इंडिया-अफ्रीका फोरम समिट के साथ आयोजित होने वाला था जिसमें कई अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद थी। हालांकि भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर किसी स्वास्थ्य संकट का जिक्र नहीं किया लेकिन माना जा रहा है कि अफ्रीका के कुछ हिस्सों में फैले इबोला संक्रमण की वजह से कार्यक्रम को फिलहाल के लिए टाल दिया गया है। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री खनाल की मुलाकात भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत कई वरिष्ठ नेताओं से प्रस्तावित थी। सूत्रों के मुताबिक नेपाल की तरफ से इन बैठकों का औपचारिक अनुरोध भी किया गया था। इससे पहले अप्रैल में मॉरीशस में नेपाली विदेश मंत्री खनाल और जयशंकर की मुलाकात हुई थी जहां दोनों नेताओं ने नेपाल में नई राजनीतिक परिस्थितियों के बाद द्विपक्षीय रिश्तों को प्राथमिकता देने पर सहमति जताई थी। जानकार सूत्रों के हवाले से पोस्ट ने बताया है कि अगर विदेश मंत्री खनाल की यात्रा हुई होती तो वो जयशंकर को नेपाल आने का निमंत्रण देते। नेपाल में बालेन्द्र शाह के नेतृत्व में नई सरकार बनने के बाद भारत की तरफ से भी सकारात्मक संकेत मिले थे। प्रधानमंत्री मोदी ने बालेन शाह को नई दिल्ली आने का न्योता भी दिया हुआ है लेकिन फिलहाल उनकी यात्रा को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। नेपाल की तरफ से भारत और चीन को लिपुलेख सीमा विवाद को लेकर कूटनीतिक नोट भेजे जाने के बाद माहौल कुछ बदल सा गया है। नेपाल ने कैलाश मानसरोवर यात्रा दोबारा शुरू करने के फैसले पर आपत्ति जताई थी जिसके बाद भारतीय विदेश सचिव की काठमांडू यात्रा भी टल गई। भारत और नेपाल के बीच जो थोडा बहुत तनाव आया है उसे हर हाल में कम करने की जरूरत है। अगर यह यात्राएं हुई होती तो दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत होती। इनमें जनकपुर से अयोध्या तक रेलवे निर्माण, भारत की मदद से पूर्व-पश्चिम रेलवे परियोजना, पोखरा और भैरहवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों के संचालन के लिए अतिरिक्त एयर रूट, पेट्रोलियम पाइपलाइन विस्तार, नेपाल को चीनी निर्यात पर लगी भारतीय रोक हटाना और सीमा पार QR भुगतान व्यवस्था लागू करना शामिल था। पूर्व नेपाली राजदूत विजय कान्त कर्न ने काठमांडू पोस्ट से कहा कि नेपाल में नई सरकार बनने के बाद भारत की शुरुआती उत्सुकता अब धीरे-धीरे कम होती दिख रही है। हालांकि रिश्ते पूरी तरह खराब भी नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच सीधे संवाद के बिना किसी बड़े समाधान की उम्मीद करना मुश्किल होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेश मंत्री की यात्रा टलने से नेपाल ने भारत के साथ संबंध सुधारने का एक अहम मौका फिलहाल खो दिया है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि आगे दोनों देशों की सरकारें रिश्तों में आई खटास को कैसे दूर करती हैं।

## मुंशी प्रेमचंद की कहानी :

# ईदगाह

रमजान का पाक महीना खत्म होने के बाद आखिरकार वो दिन आ गया जिसका सबको इंतजार था। आज ईद का दिन है। इस मनोहर और सुंदर दिन की बधाई पूरे गांव में किसी शहनाई की तरह गूंज रही है। चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आ रही है। खेतों में अलग ही रौनक नजर आ रही है। हर जगह देखकर ऐसा लग रहा है मानो सूरज, नदिया समेत पूरा संसार ईद की बधाई दे रहा हो। गांव के बड़े-बूढ़े और बच्चे ईदगाह के मेले में जाने की तैयारियां करने में जुटे हैं। कोई अपने पुराने कपड़ें सिल रहा है, तो कोई जल्दी-जल्दी अपने घर और खेत का काम निपटा रहा है। ईदगाह का मेला गांव से तीन कोस की दूरी पर लगता है, जहां लोगों को पैदल ही चलकर जाना होता है। मेले से घर वापस आने में भी देर हो जाती है।

ईदगाह में जाने को लेकर सबसे ज्याद खुशी लड़कों में नजर आ रही है। भले ही किसी ने एक रोजा भी न रखा हो, लेकिन ईदगाह जाने की खुशी उनके चेहरे पर साफ है। पूरे महीने ये लड़के इस दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। इन लड़कों को घर की परेशानियों से कोई वास्ता नहीं हैं। घर में सेवैयां बनाने के लिए दूध और शक्कर हो या न हो, इन्हें तो बस सेवैयां चाहिएं। उन्हें नहीं मालूम कि उनके अब्बू गांव के चौधरी कायमअली के घर भागते हुए जा रहे हैं, ताकि उनके घर में आज ईद के दिन चूल्हा जल सके और वो अपने बच्चों को सेवैयां खिला सकें।

ये तो बस ईदगाह जाने की राह देख रहे हैं। एक तरफ बैठा महमूद अपने पैसे गिन रहा है। उसकी जेब से बारह पैसे निकले। महमूद के पास बैठे मोहसिन मियां भी अपने पैसे गिनने में लगे हुए हैं, एक, दो, तीन, आठ, नौ, पंद्रह। मोहसिन खुशी से उछलकर पैसों को जेब में रखकर कहता है- ''इन्हीं अनगिनत पैसों से हम अनगिनत चीजें लाएंगे। मेले से ढेर सारे खिलौने, मिठाइयां और भी बहुत कुछ खरीद कर लएंगे।''

गांव का गरीब बच्चा हामिद सबसे ज्यादा खुश है। हामिद पांच साल का एक दुबल-पतला गरीब सूरत वाला लड़का है। हामिद के पिता पिछले ही साल हैजे से मर गए थे। उसकी मां का शरीर भी पीला पड़ गया था, जिसके बाद वह भी इस दुनिया से चल बसी। गांव में यह किसी को नहीं पता था की हामिद की अम्मी के शरीर का रंग पीला क्यों हुआ था। परिवार के नाम पर हामिद के पास एक बूढ़ी दादी थी, जिसका नाम था अमीना। अमीना ने हामिद को बताया था कि उसके अब्बा बहुत सारे पैसा कमाने गए हैं और उसकी अम्मी अल्लाह के घर उसके लिए अच्छे-अच्छे खिलैनों लेने गई है। यह सब सोचकर और दादी की ऐसी बाते सुनकर हामिद बड़ा खुश रहता था। वह कहता- जब उसके अब्बू और अम्मी वापस आएंगे, तो ढेर सारे पैसों और खिलौनों से वह मोहसिन, नूरे और सम्मी को चिढ़ाया करेगा।

अपनी गरीबी से हामिद और अमीना दोनों ही वाकिफ थे। हामिद के पास एक भी जोड़ी जूते नहीं थे। उसके पास सिर्फ एक पुरानी और गंदी टोपी थी। यह सब सोचकर बूढ़ी अमीना अपनी कोठरी में बैठी रो रही थी कि आज ईद के दिन भी उसके घर में खाने के लिए कुछ नहीं है। वह ईद के दिन को कोस रही थी कि जब उसे ऐसे ही अंधेरे में रहना है, तो ईद आती ही क्यों है। तभी कोठरी में हामिद आता है और दादी से कहता है, ''तुम डरो मत, मैं मेले से सबसे पहले आ जाउंगा।''

बूढ़ी अमीना परेशान थी कि गांव के सभी बच्चे अपने खालिद के साथ मेले में जा रहे हैं। वह हामिद को अकेले गांव से इतना दूर कैसे भेजे। कहीं वो मेले की भीड़ में खो गया, तो वह क्या करेगी? उसके पास जूते भी नहीं हैं। तीन कोस कैसे चलेगा, पैरों में छाले पड़ जाएंगे। उसी दिन अमीना ने गांव के फहीमन के कपड़े सिले थे, बदले में उसे आठ आने पैसे मिले थे, जिनमें से तीन आने उसने हामिद को मेले में घूमने और मिठाई खाने के लिए दे दिए और बाकी के पांच आने अपने पर्स में रख लिए। ताकि, ईद के दिन अगर घर पर धोबन, नाइन और चुड़िहारिन आए, तो वो उन्हें सेवैयां खिला सके।

कुछ ही देर बाद गांव का एक दल सज-धजकर मेले की तरफ निकल पड़ा। मेले के रास्ते में जाते हुए बड़ी-बड़ी इमारते, बगीचे, कालेज, क्लब सब दिखने लगे। बच्चों के बीच फुसफुस होने लगी कि क्लब में तरह-तरह के खेल होते हैं। यहां बड़े-बड़े आदमी और मैडम बैट से खेलती हैं।

महमूद – ''अगर हमारी अम्मी बैट पकड़ लें, तो अल्लाह कसम उनके हाथ कांपने लगेंगे।''

मोहसिन – ''सौ किलो आटा एक बार में पीस डालती हैं। रोज सैकड़ों घड़े पानी भरती हैं। इतना करने वाली के हाथ कैसे कांपेगें। किसी अंग्रेजी मेम को बोलो एक घड़ा पानी भरने के लिए, तो उनकी आंखों के सामने अंधेरा छा जाएगा।''

महमूद – ''लेकिन हमारी अम्मी दौड़ या उछल-कूद तो नहीं कर सकती हैं।''

मोहसिन – ''हां, उछल-कूद नहीं कर सकती, लेकिन गाय पकड़ने के लिए उनसे तेज तो मैं भी नहीं दौड़ सकता हूं।''

आगे उन्हें हलवाइयों की दुकान मिली।

मोहसिन ने कहा – ''अब्बा ने बताया था कि रात को जिन्न आते हैं, जो दुकानों पर बची हुई सारी मिठाईयां खरीद ले जाते हैं और बदले में रुपये-पैसे भी देते हैं।''

हामिद को मोहसिन की बात पर यकीन न आया। उसने पूछा – ''जिन्न को रुपये कहां से मिलते होंगे?''

मोहसिन ने बताया – ''जिन्न के पास खुद के खजाने हैं। उन्हें भला पैसे-रुपयों की क्या कमी होगी।''

तभी हामिद ने फिर पूछा – ''क्या जिन्न बहुत बड़े होते हैं?''

मोहसिन – ''हां, उनका सिर आसमान के जितना ऊंचा होता है, लेकिन अगर वो चाहे तो एक लोटे में भी घुसकर बैठ सकते हैं।''

हामिद – ''तो क्या जिन्न को खुश करने के लिए लोग कोई मंतर फूंकते हैं? मुझे भी पता चले तो मैं भी एक जिन्न को खुश कर लूंगा।''

मोहसिन – ''मुझे यह तो नहीं पता, लेकिन सुना है चौधरी के पास कई जिन्न हैं। उसके जिन्न तो चोरों और चोरी हुई चीजों का भी नाम बता देते हैं। एक दिन जुमराती का बछवा खो गया था। तीन दिन बाद भी जब नहीं मिला, तो वे चौधरी के पास गए। चौधरी ने फट से बता दिया कि उसका बछवा मवेशीखाने में है।''

थोड़ा आगे चलने पर पुलिस लाइन पहुंच गएं। एक बच्चे ने कहा – ''यहां सब पुलिसवाले रहते हैं, जो रात-रात भर घूम कर घरों में चोरियां होने से रोकते हैं।''

यह बात सुनकर मोहसिन बोला – ''गलत कह रहे हो तुम। शहर के सारे चोर-डाकू इन पुलिसवालों से मिले होते हैं। चोरों से कहकर ये दूसरे मोहल्ले में चोरी करवाते हैं और खुद किसी दूसरे मोहल्ले में पहरा देते हैं। मेरे मामा खुद एक पुलिसवाले हैं। महीने में उनको बीस रूपये तनख्वाह मिलती है, लेकिन घर पर वो पचास रूपये देते हैं। मैने उनसे पूछा भी था कि इतने रुपये कहां से आते हैं, तो उन्होंने कहा कि अल्लाह देते हैं। वो चाहें, तो एक दिन में लाखों भी कमा सकते हैं, लेकिन फिर बदनामी न हो इसलिए इतना ही लेते हैं।''

इतने में हामिद बोला – ''अगर ये लोग खुद चोरी करवाते हैं, तो फिर इन्हें कोई पकड़ता क्यों नहीं है?''

मोहसिन – ''अरे, इन्हें कौन पकड़ सकता है, क्योंकि पकड़ने का काम तो इनका खुद ही है, लेकिन अल्लाह भी इन्हें सजा देने में पीछे नहीं रहता है। मेरे मामा के घर में कुछ ही दिनों में आग लग गई। उनका सारा पैसा व सामान जलकर खाक हो गया।''

हामिद – ''क्या एक सौ पचास से ज्यादा होते हैं?''

मोहसिन – ''पचास तो एक थैली जितना होता है। जबकि सौ तो दो थैलियों से भी ज्यादा होता है।''

अब आगे उन्हें ईदगाह जा रहे लोगों की दूसरी टोलियां मिलने लगीं। थोड़ी देर में ईदगाह भी नजर आ गई। जहां पहुंच कर सबने एक इमली के पेड़ के नीचे नामज पढ़ी। नमाज पढ़ने के बाद सबसे पहले लोग मिठाई और खिलौनों की दूकानों पर पहुंचे। हामिद को छोड़कर महमूद, मोहसिन, नूरे और सम्मी सभी एक-एक पैसा देकर घोड़ों ओर ऊंटों पर बैठकर सवारी का अनंद लेने लगें।

इसके बाद सभी खिलौने की दुकान पर गएं। महमूद ने दो पैसे का सिपाही खरीदा, जिसने खाकी वर्दी और लाल पगड़ी पहनी थी। उसके कंधे पर बंदूक भी थी। मोहसिन ने भी दो पैसे में पानी पिलाने वाली भिश्ती खरीदा। उसकी कमर झुकी हुई थी और उसके ऊपर पानी भरने वाला मशक रखा हुआ था। नूरे ने भी दो पैसे में वकील खरीदा, जिसने काले और सफेद रंग का कपड़ा पहना था। उसके कपड़े की एक तरफ जेब में घड़ी, सुनहरी जंजीर और एक हाथ में कानून का पोथा था।

वहीं, हामिद सोच रहा था कि अगर ये खिलौने एक बार नीचे गिर जाए, तो सब बर्बाद हो जाएगा। इसलिए, उसने खिलौनों को खरीदने में दिलचस्पी नहीं दिखाई, लेकिन मन ही मन वह उन खिलौनों को हाथ में लेने के लिए उत्सुक हो रहा था।

मोहसिन – 'मेरा भिश्ती हर रोज पानी पिलाएगा मुझे।''

महमूद – ''मेरा सिपाही मेरे घर की पहरेदारी करेगा।''

नूरे – ''मेरा वकील हर दिन नया मुकदमा लड़ेगा।''

सम्मी – ''मेरी धोबिन हर रोज कपड़े धोएगी।''

आगे बढ़ें, तो मिठाइयां दिखी। यहां भी हामिद को छोड़कर किसी ने रेवड़ी खाई, तो किसी ने गुलाब जामुन और किसी ने हलवा। हामिद बस ललचाई आंखों से सबको घूर रहा था।

मोहसिन ने चिढ़ाते हुए कहा – ''हामिद रेवड़ी खा लो, इसकी खुशबू बहुत अच्छी है।''

हामिद मोहसिन के पास जाता है और उसके सामने अपना हाथ फैलाता है। मोहसिन ने एक रेवड़ी निकाली और हामिद को दिखाते ही उसे खुद खा गया। यह देखकर महमूद, नूरे और सम्मी तालियां बजा कर हंसने लगे।

तभी महमूद कहता है – ''हम तुम्हें गुलाबजामुन खिलाएंगे। मोहमिन तो शरारती है।''

इस बार हामिद ने साफ-साफ उन्हें मना कर दिया कि वो मिठाई नहीं खाएगा।

मिठाइयों की दुकानों के बाद मेले में कुछ लोहे की चीजों की दुकानें थी, जहां पर तरह-तरह के नकली गहनें भी थे। लड़कों को इनमें कोई दिलचस्पी नहीं थी, तो वे मेले में आगे बढ़ गए और शर्बत पीने लगे, लेकिन हामिद एक चिमटे की दुकान के सामने खड़ा हो गया। उसे याद आया कि रोटी बनाते समय उसकी दादी के हाथ जल जाते हैं। उसने सोचा कि अगर वह चिमटा खरीद लेगा, तो दादी का हाथ नहीं जलेगा और वो उसे ढेर सारी दुआएं भी देगी।

हामिद दुकानदार से चिमटे की कीमत पूछता है।

पहले तो दुकानदार हामिद को मना करता है कि यहां उसके काम की कोई चीज नहीं है, लेकिन बादमें उसने बताया कि एक चिमटे की कीमत छह पैसे है। अगर उसे लेना है, तो वह पांच पैसे लगा देगा।''

हामिद ने कहा – ''क्या तीन पैसे में दोगे यह चिमटा?''

हामिद को लग ही रहा था कि दुकनादार उसे डांटेगा, लेकिन दुकानदार ने डांटने की जगह हामिद को तीन पैसे में चिमटा बेच दिया।

चिमटे को हामिद ने अपने कंधे पर किसी बंदूक के जैसा रखा और अपने दोस्तों को दिखाने लगा।

मोहसिन और महमूद ने हामिद के चिमटे का मजाक बनाते हुए कहा – ''क्या भला चिमटा भी कोई खेलने की चीज है?''

हामिद ने जवाब दिया – ''हां, मेरा चिमटा भी एक खिलौना है। कंधे पर रखूं तो यह बंदूक लगती है और हाथ में ले लूं तो किसी फकीर का चिमटा लगता है। मैं इस चिमटे से मजीरे का काम भी कर सकता हूं। अगर एक भी चिमटा तुम्हारे खिलौनों को लगा, तो इनका यहीं दम निकल जाएगा।''

सम्मी ने बजाने वाली खंजरी खरीदी थी। वह हामिद के चिमटे से काफी प्रभावित हुआ। उसे हामिद से अपनी अंजरी के बदले चिमटा बदलने के लिए कहा, लेकिम हामिद ने उसे मना कर दिया। हामिद के बहादुर चिमटे से उसके सभी दोस्त प्रभावित हुए, लेकिन अब किसी के पास पैसे नहीं बचे थे और वे मेले से दूर भी निकल आए थे।

मेले से वापस घर आते समय बच्चों के दो दल बन गये थे। एक दल में मोहसिन, महमूद, सम्मी और नूरे, तो दूसरे दल में अकेला हामिद। इनके बीच अपने-अपने खिलौनों को लेकर बहस होने लगी।

तभी मोहसिन ने कहा – ''हामिद का चिमटा पानी नहीं भर सकता है।''

यह सुनते ही हामिद ने अपने चिमटे को सीधा खड़ा किया और कहा – ''मेरा चिमटा भिश्ती को एक बार डांटे, तो वह दौड़ा हुआ उसके लिए पानी लाकर देगा।''

ऐसे एक-एक करके जब सबके खिलौने हामिद के चिमटे से हार गए, तो मोहसिन ने फिर से कहा – ''तुम्हारे चिमटे का मुंह हर रोज आग से जलेगा।''

इस बात को सुनते ही हामिद ने कहा – ''आग में तो बहादुर ही कूदते हैं। तुम लोगों के खिलौने पूरे दिन घर में रहेंगे और मेरा बहादुर चिमटा हर दिन आग में कूदेगा।''

ऐसे ही उनकी बहस थोड़ी और भी आगे बढ़ी, लेकिन अंत में हामिद और उसका बहादुर चिमटा जीत गया। बाकियों ने भी सोचा कि उनके खिलौने कुछ दिनों में टूट जाएंगे, लेकिन हामिद का चिमटा सालों-साल नया बना रहेगा।

कुछ देर तक चली उनकी आपसी बहस के बाद आखिर सभी के बीच सुलह हो गई। सुलह के नाम पर सभी बच्चे एक-एक करके हामिद का चिमटा अपने हाथों में पकड़ते और हामिद भी एक-एक करके उनके खिलौनों को देखता।

हामिद ने सारे खिलौने देखने के बाद कहा – ''मैं तुम लोगों को बस चिढ़ा रहा था। भला कोई चिमटा कैसे किसी खिलौने की बराबरी कर सकता है। ये खिलौने बड़े सुंदर हैं, ऐसा लगता है कि बस अभी के अभी ये सारे बात करने लगेंगे।''

हामिद की बात सुनकर मोहसिन से कहा – ''लेकिन ये खिलौने देखने के बाद कोई हमें दुआ तो नहीं देगा!''

इतने में महमूद मियां बोल पड़ें – ''दुआ छोड़ें, भाई ये मिट्टी के खिलौने देखकर कहीं अम्मीजान हमें मारने न लगे?''

अपने दोस्तों की बातें सुनकर हामिद मन ही मन में काफी खुश हो रहा था। उसे यकीन था कि उसका चिमटा देखकर उसकी दादी बहुत खुश होगी और उसे दुआएं देगी।

थोड़ा आगे जाने पर महमूद को भूख लगी, तो उसने खाने के लिए अपने अब्बा से केले लिए। इस बार उसने हामिद को भी केला खाने के लिए दिया। ये केला हामिद को उसके चिमटे की वजह से मिला था।

दिन के 11 बजते-बजते मेले का पूरा दल गांव वापस आ गया था। मोहसिन जैसे ही घर पहुंचा उसकी छोटी बहन ने उसके हाथ से भिश्ती को छीन लिया। तभी उसकी बहन के हाथ से भिश्ती जमीन गिरा और उसके टुकड़े-टुकड़े हो गए। इसके बाद दोनों भाई-बहन खूब लड़ें। ऊपर से अम्मीजान ने भी दोनों को दो-दो चांटे लगाए।

दूसरी तरफ नूरे ने अपने वकील को घर में सजाने का नया इंतजाम किया। वकील जैसे लोग अब जमीन पर तो बैठ नहीं सकते थे, इसलिए नूरे ने दीवार में खूटियां लगाई, फिर उस पर लकड़ी का पटरा रखा। पटरे पर कागज के पन्नों से कालीन बिछाया गया, फिर कहीं जाकर उसके ऊपर वकील साहब को बिठाया गया। वकील साहब को गर्मी न लगे इसके लिए नूरे बांस के पंखे से हवा करने लगा, लेकिन हवा का झोंका लगते ही वकील साहब पटरे के सिंघासन से सीधा जमीन पर गिरे और वो भी मिट्टी में मिल गए।

वहीं, महमूद ने अपने सिपाही के लिए एक पालकी का इंतजाम किया, जिसे उसने फटे-पुराने कपड़े और एक छोटी टोकरी से बनाया था। फिर उसमें सिपाही साहब को लिटाया गया। इसके बाद महमूद और उसके दोनों छोटे भाई टोकरी को सिर पर रखकर इधर-ऊधर घूमने लगे। उसके छोटे भाई अपनी तोतली आवाज में ''छोनेवाले, जागते लहो'' कहकर पुकारते चले जा रहे थे। अंधेरे का समय था, इसी दौरान महमूद को ठोकर लगी और उसकी टोकरी नीचे गिर गई। इस हादसे में महमूद के सिपाही की एक टांग टूट गई।

इसके बाद महमूद ने खुद ही उसका पैर ठीक करने का फैसला किया। टूटे हुए पैर को जोड़ने के लिए गूलर का दूध लाया गया, लेकिन ये तरकीब काम न आई। बदले में सिपाई की दूसरी टांग भी तोड़ दी गई।

अब हामिद मियां की बात करें, तो वो जैसे ही अपने घर पहुंचा उसकी दादी ने उसे गले लगा लिया। फिर उसके हाथ में चिमटा देखकर बड़ी हैरानी से पूछा – ''यह चिमटा किसका है?''

हामिद – ''मैने मेले से खरीदा है।''

अमीना – ''कितने पैसे में?''

हामिद – ''तीन पैसे में।''

इतना सुनते ही बूढ़ी अमीना छाती पिटते हुए रोने लगी। हामिद को कोसने लगी कि कितना बेवकूफ लड़का है ये। दिन भर कुछ खाया-पिया नहीं और मेले में जाकर सारे पैसों से ये चिमटा खरीद कर लाया है। फिर उसने हामिद से गुस्से में पूछा – ''मेले में कोई और चीज नहीं थी क्या, जो तू लोहे का चिमटा लेकर आया है?''

हामिद ने उदास मन से कहा – ''रोटियां बनाते हुए तुम्हारी उंगलियां जल जाती थी, इसलिए मैने यह चिमटा खरीद लिया।''

हामिद की बात सुन कर बुढ़ी अमीना एकदम से चुप हो गई। उसके पास छोटे नादान बच्चे को कहने के लिए कोई शब्द नहीं थे। वो बस हामिद के त्याग और प्यार की भावना देखकर हैरान थी। मन ही मन सोच रही थी कि मेले में न जाने कितने खिलौने रहे होंगे, हजार रंग-बिरंगी मिठाईयां होंगी, फिर भी इस बच्चे ने अपने बारे में न सोचकर अपनी बूढ़ी दादी का ख्याल किया।

वो अब बस अपना दामन फैलाकर रो रही थी और हामिद के लिए दुआएं दिए जा रही थी। हामिद बस बूढ़ी दादी के आंखों से गिरते आंसूओं को देखे जा रहा था।

### कहानी से सीख

अपनी सारी इच्छाओं और लालसाओं को त्यागकर, मन में दया और प्यार की भावना रखना ही हमें सबसे धनवान, साहसी और बड़ा बनाता है।

New Delhi

# मप्र-यूपी, राजस्थान समेत 11 राज्यों में तापमान 40-47°C UP का बांदा 47.6°C; बिहार में बिजली गिरने से 4 की मौत



**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर/लखनऊ, (एजेंसी) देश को अगले 2 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान समेत उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के 11 राज्यों में तापमान 40C से 47C के बीच रहा। सबसे ज्यादा 47.6C यूपी के बांदा और 46.8C एमपी के नौगांव में रहा। मौसम विभाग ने इन 11 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।**

इधर, पहाड़ों पर वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव है, लेकिन अभी कमजोर है। एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन पाकिस्तान के ऊपर और एक बिहार के आसपास बना हुआ है। एक लो प्रेशर एरिया अरब सागर में बना हुआ है। साथ ही एंटी साइक्लोन एरिया भी बना हुआ है। इसके चलते आज कई राज्यों में मौसम बदल सकता है। दिल्ली, पश्चिम बंगाल, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के साथ लक्षद्वीप में बारिश की संभावना है। महाराष्ट्र और गोवा में बारिश हो सकती है। बिहार के अररिया, जहानाबाद, नालंदा और सुपौल में शुक्रवार को बारिश हुई थी। बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हुई। जम्मू-कश्मीर के जोजिला और उत्तराखंड के चमोली-पिथौरागढ़ में बर्फबारी हुई।

Uttarpradesh

## बाराबंकी में दर्दनाक हादसा, घर के बाहर सो रहे परिवार पर चढ़ा डंपर

● पिता के साथ दो पुत्र और पुत्री की मौत



**लखनऊ, (एजेंसी)** बाराबंकी जिले के फतेहपुर-भनौली मार्ग पर शनिवार सुबह एक ऐसा दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। ग्राम झांसा के पास सड़क किनारे मच्छरदानी लगाकर सो रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। हादसे में पिता, दो बेटे और एक बेटी की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि मां जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। इस हृदयविदारक घटना से गांव में मातम पसरा हुआ है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम झांसा निवासी नीरज चौहान (36) अपनी पत्नी आरती चौहान (34), पुत्र अनुराग (12), आशू (8) तथा पुत्री आशिक (10) के साथ सड़क किनारे जमीन पर मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी के कारण परिवार घर के बाहर सोने को मजबूर था। इसी दौरान सुबह करीब तीन बजे महमूदाबाद की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक डंपर ने अनियंत्रित होकर पूरे परिवार को रौंद दिया।

हादसा इतना भयावह था कि नीरज चौहान और बड़े पुत्र अनुराग की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल आरती, आशिका और आशू को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

New Delhi

## दिल्ली में शास्त्री पार्क की फर्नीचर मार्केट में लगी आग, गुस्साई भीड़ ने दमकल की गाड़ियों पर किया पथराव

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के शास्त्री पार्क इलाके की एक फर्नीचर मार्केट में शुक्रवार देर रात भीषण आग लगने से कई दुकानें जलकर राख हो गईं। आग की सूचना मिलने के बाद जब फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची तो गुस्साए स्थानीय लोगों ने उन पर पथराव कर दिया। बताया जा रहा है कि आग पर काबू पाने के शुरुआती प्रयासों के सीमित होने के चलते लोगों में यह गुस्सा भड़का था। हालांकि, अब आग बुझा दी गई है। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। अधिकारियों ने कहा कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग लगने का सही कारण अभी भी जांच के दायरे में है। हालांकि, फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (FSL) की एक टीम भी इलाके का मुआयना करने और नुकसान का अंदाजा लगाने के लिए मौके पर पहुंच गई है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों ने बताया कि यहां लकड़ी और प्लाइवुड और फर्नीचर जैसे बहुत ज्यादा ज्वलनशील सामान होने की वजह से आग तेजी से फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आग को काबू में करने के लिए दमकल कई गाड़ियां तुरंत घटनास्थल पर भेजी गईं।

Karnataka

## कर्नाटक के कलबुर्गी में भीषण सड़क हादसा, कार और लॉरी की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**कर्नाटक, (एजेंसी) कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां लाडजापुर के पास एक चार-पहिया वाहन की लॉरी से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पांचों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।**

हादसे की सूचना मिलते ही कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक (SP) ए श्रीनिवासुलु ने पुलिस टीम के साथ घटनास्थल का दौरा किया और मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

कर्नाटक पुलिस ने घटना की जानकारी देते हुए शनिवार को बताया कि कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में लाडलापुर के पास एक क्रूजर गाड़ी की लॉरी से टक्कर हो जाने के बाद पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद, कलबुर्गी के पुलिस अधीक्षक (SP) ए. श्रीनिवासुलु ने घटनास्थल का दौरा किया और दुर्घटना के कारणों का जायजा लेने के लिए निरीक्षण किया। मृतकों की पहचान और टक्कर के कारणों के बारे में विस्तृत जानकारी का अभी इंतजार है।

पुलिस ने बताया कि एक महीने पहले कर्नाटक के यादगिरी इलाके में एक कार की बस से टक्कर हो जाने के बाद सात लोगों की मौत हो गई थी और दो बच्चे घायल हो गए थे। कार में सवार सभी यात्री एक ही परिवार के थे और रायचूर के सिरवार तालुक के रहने वाले थे।

खेल

# जीतकर भी हारी हैदराबाद, शीर्ष पर रहते हुए क्वालिफायर-1 में पहुंची आरसीबी

● गुजरात से होगी टक्कर



**हैदराबाद।** आईपीएल का 19वां संस्करण धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। शुक्रवार को उप्पल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 55 रनों से हरा दिया। हालांकि, इस जीत के बावजूद टीम शीर्ष-दो में एंट्री करने में नाकाम रही और अब वह एलिमिनेटर मैच खेलेगी। वहीं, आरसीबी हार के बावजूद शीर्ष पर बरकरार रही और अब उसका सामना गुजरात टाइटंस से क्वालिफायर-1 से होगा।

हैदराबाद के दिए 256 रन के लक्ष्य को हासिल करने उतरी आरसीबी 20 ओवर में 4 विकेट पर 200 रन बना सकी और 55 रन से मैच हार गई। आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत करने आए वेंकटेश अय्यर ने 19 गेंदों पर 4 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 44 रन बनाए। इसके अलावा कप्तान रजत पाटीदार ने 39 गेंदों पर 56 रन की पारी खेली। क्रुणाल पांड्या 31 गेंदों पर 41 और टिम डेविड 7 गेंदों पर 15 रन बनाकर नाबाद रहे। विराट कोहली 15 और देवदत्त पड्डिकल 21 रन बनाकर आउट हुए। एसआरएच की तरफ से ईशान मलिंगा ने 4 ओवर में 33 रन देकर दो विकेट लिए। साकिब हुसैन और ट्रेविस हेड को एक-एक विकेट मिला।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद ने 4 विकेट पर 255 रन बनाए थे। एसआरएच के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने 46 गेंदों पर सर्वाधिक 79 रन की पारी खेली। किशन ने अपनी पारी में तीन छक्के और आठ चौके लगाए। इसके अलावा, अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों पर पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 56 और हेनरिक क्लासेन ने 24 गेंदों पर पांच छक्कों और दो चौकों की मदद से 51 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने 12 गेंदों पर नाबाद 29 रन बनाए थे। आरसीबी के लिए रसिख सलाम डार ने चार ओवर में 52 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि सुयश शर्मा और क्रुणाल पांड्या ने एक-एक विकेट लिए थे। ईशान किशन लगातार दूसरे मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बने।

एसआरएच-आरसीबी दोनों का यह आखिरी लीग मैच था। दोनों टीमें प्लेऑफ में जगह बना चुकी हैं। आरसीबी 14 मैचों से 18 अंक लेकर बेहतर रन रेट के आधार पर पहले, गुजरात टाइटंस 14 मैचों से 18 अंक लेकर दूसरे और एसआरएच 14 मैचों से 18 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

सिनेमा

## Cannes में Aishwarya Rai से ज्यादा बेटी आराध्या लूट रही लाइमलाइट, लोग बोले- महफिल की जान बन गईं



आखिरकार वह पल आ ही गया, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। ऐश्वर्या राय बच्चन ने बेटी आराध्या के साथ कान फिल्म फेस्टिवल में रेड कार्पेट पर एंट्री मारी। पर सारी लाइमलाइट आराध्या बटोर ले गईं। ऐश्वर्या ने रेड कार्पेट पर नीले रंग के खूबसूरत गाउन में शिरकत की थी, जिसने फैंस को दीवाना बना दिया और फिर इसके बाद शाम को वह होटल से डिनर के लिए निकलीं, तो सभी की नजरें उनसे ज्यादा आराध्या पर ठहर गईं। ऐश्वर्या तो खूबसूरत लग ही रही थीं, पर आराध्या उन्हें टक्कर देती दिखीं। लाल रंग के गाउन में वह स्टनिंग लग रही थीं। सोशल मीडिया पर Cannes Film Festival से ऐश्वर्या राय और बेटी आराध्या की कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। इंटरनेट पर इन्हीं मां-बेटी की चर्चा हो रही है। आराध्या कई साल से मॉम ऐश्वर्या के साथ कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करती आ रही हैं, पर यह इस बार पहली बार था, जब उन्होंने वहां रेड कार्पेट पर एंट्री मारी। पूरा इंटरनेट ऐश्वर्या और आराध्या पर फिदा हो गया है और कह रहा है कि इस मां-बेटी जोड़ी जैसी कोई जोड़ी नहीं। वहीं, कई ने ऐश्वर्या की खूबसूरती की तारीफ की। 52 साल की उम्र में भी ऐश्वर्या का अंदाज ऐसा है कि हर दिल की धड़कन थम जाए।

## Highlights

1. **Bengaluru firm to develop microwave weapon system for Navy**
2. **US State Secy Marco Rubio lands in Kolkata, kicks off India tour**
3. **Class 12 student dies after collapsing at Patna coaching centre**
4. **Petrol and diesel prices hiked for 3rd time in 10 days**
5. **OpenAI executive praises India's AI talent**
6. **Teen builds turtle robot that helps protect oceans**

# SBI Managers Forcing Employees To Mis-Sell Insurance Policies This Is The Reason For Strike

**NEW DElHI, (Agency).** The All India State Bank of India Staff Federation (AISBISF) has openly accused SBI management of pressuring employees to sell insurance policies, mutual funds, and investment-linked products to customers — even when those products may not suit customer needs.

The issue has now become one of the core triggers behind the federation's planned two-day nationwide strike scheduled for May 25 and 26.

Union leaders claim the pressure has intensified sharply over the past few years as banks increasingly focus on fee-based income and third-party financial product sales.

Employees Claim Unrealistic Targets Are Being Imposed

According to union statements, branch employees are allegedly being forced to meet




aggressive daily and monthly sales targets for:

Insurance products
Mutual funds
Investment schemes
Third-party financial products

Workers allege that failure to achieve these targets often leads to internal pressure, performance scrutiny, humiliation during review meetings, and career disadvantages.

The federation specifically described the situation as "mis-selling in the name of cross-selling," arguing that many employees are being pushed into convincing customers to buy financial products they may not fully understand or actually require.

Union leaders say the pressure is especially severe in retail banking branches where front-line staff interact directly with senior citizens, rural customers, salary account holders, and first-time investors.

# Google Goes Full Throttle On AI Mode, Changes Search Forever At Google I/O 2026

**NEW DElHI, (Agency).** At Google I/O 2026, the company unveiled what may become the biggest transformation in Google Search since its launch — an AI-powered ecosystem where Gemini-based agents actively perform tasks, monitor information, and interact with apps on behalf of users.

At the center of this strategy is Gemini 3.5 Flash, Google's latest AI model designed specifically for "agentic AI" — systems capable of reasoning through multi-step tasks instead of simply answering prompts.

Google executives now openly describe this shift as




entering the "Agentic Gemini Era."

What Gemini 3.5 Flash Actually Changes

Earlier Gemini Flash models mainly focused on speed. But Gemini 3.5 Flash is being positioned differently.

Google says the model is optimized for:

Multi-step reasoning
Long-duration workflows
Autonomous task execution
Coding and app generation
Context-aware decision making
Real-time conversational assistance

The model is now becoming the default intelligence layer across:

Google Search AI Mode
Android
Chrome
Gemini app
Google Workspace
Android Studio
Google AI Studio

This means Google is no longer building isolated AI products — it is embedding Gemini into nearly every core Google service simultaneously.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

WHO AM I?

I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...



WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक